# Media Coverage

**राजस्थान पत्रिका**

15
Page No.

जयपुर, 09 अप्रैल 2024

## सूर्या हॉस्पिटल की वॉकाथॉन संपन्न



**जयपुर@पत्रिका.** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर सी-स्कीम स्थित सूर्या हॉस्पिटल्स ने वॉकाथॉन का आयोजन किया। इस वॉकाथॉन में शहर के विभिन्न हिस्सों से लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. सौम्या गुर्जर व विशेष अतिथि जितेंद्र श्रीमाली ने मशाल जलाकर सभी को स्वस्थ रहने का सन्देश दिया। इसके बाद अस्पताल में जुंबा सेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूर्या हॉस्पिटल्स के फैसिलिटी डायरेक्टर कर्नल मनन मुकुल भी उपस्थित थे।

**दैनिक भास्कर**

जयपुर 15-11-2024

## बाल दिवस; नीली-गुलाबी रोशनी में सजा अल्बर्ट हॉल



**जयपुर** | बाल दिवस के मौके पर सूर्या हॉस्पिटल्स और दैनिक भास्कर की पहल पर अल्बर्ट हॉल पर नीली और गुलाबी रोशनी की गई। इस मौके पर पर सूर्या हॉस्पिटल्स ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की, जिसमें उनकी टीम विभिन्न स्कूलों और सामाजिक संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों में खराब दिनचर्या और जंक फूड के कारण बढ़ रही बीमारियों के प्रति जागरूक कर रही है। हमारे इन्ही प्रयासों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अल्बर्ट हॉल को रोशनी से सजाकर आमजन को जागरूक किया गया।

## हैल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित



**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** अग्रवाल कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में हैल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें सूर्या हॉस्पिटल की गायनेकोलॉजिक्स्ट डॉ. मृदुल गहलोत तथा डॉ. माननी पटेल ने कहा कि 9 से 45 वर्ष तक की आयु में लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। लड़कियों को अपने स्वास्थ्य के लिए सजग रहना चाहिए एव समय -समय पर हीमोग्लोबिन की जांच करवानी चाहिए। नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। विटामिन डी के लिए रोज सुबह लगभग 15 मिनट धूप में बैठना चाहिए। उन्होंने ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर तथा महिलाओं में होने वाले अन्य कैंसरों के बारे में बताया और कहा कि अगर प्रारंभिक अवस्था में इनके बारे में पता चल जाए, तो इनका इलाज संभव है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बी.एल. देवन्दा, वुमन सेल की कॉर्डिनेटर डॉ. नीतू अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर जयपुर 05-12-2024


# स्टिलबर्थ कॉन्फ्रेंस; सौ डॉक्टर्स हुए शामिल



जयपुर| ISOPARB राजस्थान चैप्टर ने सूर्या अस्पताल के साथ मिलकर 'स्टिलबर्थ एंड अस.: प्रिवेंटिंग द प्रिवेंटेबल' विषय पर कॉन्फ्रेंस हुई। राजस्थान चैप्टर के चेयरपर्सन डॉ. आदर्श भार्गव ने बताया कि आयोजन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को संवेदनशील बनाने और प्रशिक्षण देने के लिए किया गया। सूर्या हॉस्पिटल्स के फैसिलिटी डायरेक्टर कर्नल मनन मुकुल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के 100 से अधिक डॉक्टर्स शामिल हुए।

दैनिक भास्कर जयपुर 07-07-2024





कुछ समय पहले अपनी बहन के दोनों घुटनों की जॉइंट रिसर्फेसिंग (रिप्लेसमेंट) डॉ. मुजाहिद सलीम से करवाई। जयपुर में इतनी उत्तम मेडिकल सुविधा मिलने पर थोड़ा अचंभा हुआ। हमेशा से ही यही सुनने में आता था कि गुजरात और दिल्ली के अस्पतालों में मेडिकल सुविधा सबसे उत्तम है। लेकिन डॉ. मुजाहिद सलीम से परामर्श लेकर इलाज कराने के बाद यह एहसास हुआ कि जयपुर में भी मेडिकल सुविधाओं बहुत बेहतर हैं। बहुत अच्छा ऑपरेशन हुआ और डॉ. मुजाहिद का नेचर भी बहुत अच्छा था। मेरी बहन की बहुत अच्छी देखभाल की गई और सर्जरी के अगले दिन से ही वे चलने लगी। डॉ. सलीम और सूर्य अस्पताल को इतना अच्छा इलाज करने के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामनाएं

**डॉ. अरविन्द मायाराम**

आईएएस, पूर्व फाइनेंस सेक्रेटरी, भारत सरकार

जयपुर 19-11-2023

## सूर्या अस्पताल में अंतर्गर्भाशयी रक्त आधान

जयपुर | स्वाति (बदला हुआ नाम), उम्र 36 वर्षीय, पूर्व में 34 सप्ताह में गर्भ के अंदर ही शिशु की मृत्यु हो गई थी । वह वर्तमान में 12 सप्ताह की गर्भावस्था के साथ आरएच एंटीबॉडी की विसंगति के साथ थी, जिसके लिए उसे गर्भावस्था की समाप्ति की सलाह दी गई थी। इसके बाद उन्होंने दूसरी राय के लिए सूर्या अस्पताल में डॉ. विभा चतुर्वेदी शर्मा से परामर्श किया। डॉक्टर्स ने आरएच एंटीबॉडी विसंगति के साथ-साथ सोनोग्राफी की बारीकी से निगरानी पर गर्भावस्था को जारी रखने की सलाह दी गई। गर्भावस्था के 29 वें सप्ताह में, सोनोग्राफी में भ्रूण में गंभीर एनीमिया के लक्षण दिखाई दिए। इस स्थिति को देखते हुए अंतर्गर्भाशयी रक्त आधान करने का निर्णय लिया गया। यह प्रक्रिया सूर्या अस्पताल में भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. आशीष चौधरी द्वारा की गई। गर्भावस्था के 30 सप्ताह में एक और इकाई को ट्रांसफ्यूज किया गया और भ्रूण की सख्त निगरानी की गई । 34 सप्ताह में फिर से भ्रूण में एनीमिया के लक्षण दिखने शुरू हो गए, जिसके बाद सूर्या अस्पताल के नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. राकेश कुमावत और एनआईसीयू टीम के परामर्श पर सिजेरियन सेक्शन किया गया। एनीमिया और पीलिया को ध्यान में रखते हुए हुए बच्चे का खून बदला गया। 10 दिनों तक बच्चे को एनआईसीयू में रखने के बाद छुट्टी दे दी गई और माता-पिता को सौंप दिया गया।

जयपुर 13-12-2023

## सुपर स्पेशलिटी सीएमई में 120 डॉक्टर्स शामिल




जयपुर | टोंक रोड स्थित सूर्या हॉस्पिटल में सुपर स्पेशलिटी सीएमई का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 120 से अधिक डॉक्टर्स ने भाग लिया। प्रोग्राम के दौरान सूर्या हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. भूपेंद्र अवस्थी, शिशु एवं बाल रोग विभाग के अध्यक्ष व वरिष्ठ डायरेक्टर डॉ. दीपक शिवपुरी ने सभी डॉक्टर्स, चेयरपर्सन व बाहर से आये स्पीकर्स का आभार व्यक्त किया | फैसिलिटी डायरेक्टर कर्नल मनन मुकुल ने बताया कि सूर्या हॉस्पिटल ऐसी सीएमई हर वर्ष आयोजित करता है, जिसमे हॉस्पिटल का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।